# 3. पद-परिचय

## अभ्यास-कार्य

*पृष्ठ संख्या–123*

**6.** 1. **बच्चा :** जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक में 'बीमार होना' क्रिया का लौकिक कर्ता।

2. **करीम :** व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक में, 'गया है' क्रिया के लौकिक तथा व्याकरणिक कर्ता दोनों का प्रकार्य।

3. (क) **मंत्री :** जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरण कारक में, 'फेंकना' क्रिया के अप्रत्यक्ष कर्म का प्रकार्य।

(ख) **पत्थर :** जातिवाचक संज्ञा (द्रव्यवाचक), पुल्लिंग, बहुवचन, 'फेंकना' क्रिया के प्रत्यक्ष कर्म का प्रकार्य।

4. **चाय :** जातिवाचक संज्ञा (द्रव्यवाचक), स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक में, प्रत्यक्ष कर्म का प्रकार्य।

5. **साड़ी :** जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक में, 'लाना' क्रिया के प्रत्यक्ष/मुख्य कर्म का प्रकार्य।

6. **दरवाज़े (से) :** जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, अपादान कारक में, 'बाहर आया' क्रिया के माध्यम का प्रकार्य।

7. **सोना :** जातिवाचक संज्ञा (द्रव्यवाचक), पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक में, 'सस्ता होना' क्रिया के व्याकरणिक कर्ता का प्रकार्य।

8. **सुबह :** जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कालवाची क्रियाविशेषण, घूमना क्रिया की समय (काल) संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।

**7.** 1. **तुम :** मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक में, 'रहना' क्रिया के लौकिक तथा व्याकरणिक कर्ता का प्रकार्य।

2. **उसे :** अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्म कारक में, 'बुलाना' क्रिया के अप्रत्यक्ष कर्म का प्रकार्य।

3. **इस (में) :** निश्चयवाचक सर्वनाम, एकवचन, अधिकरण कारक में, स्थानवाची क्रियाविशेषण का प्रकार्य।

4. **कौन :** प्रश्नवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक में, 'खड़ा है' क्रिया के लौकिक कर्ता का प्रकार्य।

5. **कुछ :** अनिश्चयवाचक सर्वनाम, कर्म कारक में, 'देना' क्रिया के प्रत्यक्ष

कर्म का प्रकार्य।

6. **कोई :** अनिश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक में, 'बुलाना' क्रिया के लौकिक तथा व्याकरणिक कर्ता का प्रकार्य।
7. **स्वयं :** निजवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक में, 'वह' सर्वनाम पर बल देने का प्रकार्य।
8. **जो :** संबंधवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक में, 'गप मारना' क्रिया के साथ प्रधान उपवाक्य तथा आश्रित उपवाक्य को जोड़ने का प्रकार्य।
9. **क्या :** प्रश्नवाचक सर्वनाम, कर्म कारक में, 'खरीदना' क्रिया के प्रत्यक्ष कर्म का प्रकार्य।
10. **अपने-आप :** निजवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक में, 'मैं' सर्वनाम पर बल देने का प्रकार्य।

**8.**

1. **तीसरी :** निश्चित संख्यावाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कक्षा' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
2. **मोटा :** गुणवाचक विशेषण, पुल्लिग, एकवचन, 'आदमी' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
3. **बड़ा :** गुणवाचक विशेषण, पुल्लिग, एकवचन, 'बेटा' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
4. **किस :** सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिग, एकवचन, 'आदमी' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
5. **कुछ :** सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिग, बहुवचन, 'बच्चे' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
6. **बहुत :** अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण, पुल्लिग, बहुवचन, 'लोग' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
7. **आपकी :** सार्वनामिक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'दुकान' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
8. **सिल्क (की) :** नामिक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'साड़ी' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
9. **चलती :** क्रियात्मक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'गाड़ी' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
10. **भागते:** क्रियात्मक विशेषण, पुल्लिग, बहुवचन, 'लोग' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।

**9.** 1. **खेल रहा है:** सकर्मक क्रिया, मुख्य क्रिया–खेल(ना), सहायक क्रिया अंश–रहा है, वर्तमान काल, सातत्यबोधक पक्ष, पुल्लिग, एकवचन, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।

2. **चले गए थे:** संयुक्त क्रिया (गुणों की दृष्टि से अकर्मक), मुख्य क्रिया अंश–चले जा(ना), सहायक क्रिया अंश–'ए', भूत काल, पूर्ण पक्ष, पुल्लिग, एकवचन, मध्यम पुरुष, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।

3. **आएगा:** अकर्मक क्रिया, मुख्य क्रिया–आ(ना), सहायक क्रिया अंश–एगा, भविष्यत काल, पुल्लिग, एकवचन, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।

4. **बनाया जाता:** संयुक्त क्रिया, मुख्य क्रिया–बनाया जाना, सहायक क्रिया अंश–ता, कर्मवाच्य, कर्मणि प्रयोग।

5. **झुठला रहे हो:** नामिक क्रिया, मुख्य क्रिया अंश–झुठला(ना), सहायक क्रिया अंश–'रहे हो', वर्तमान काल, सातत्यबोधक पक्ष, बहुवचन (प्रयोग के आधार पर एकवचन), मध्यम पुरुष, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।

6. **प्यास लग रही है:** मिश्र क्रिया, मुख्य क्रिया अंश–प्यास लग(ना), सहायक क्रिया अंश–'रही है' वर्तमान काल, सातत्यबोधक पक्ष, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्तृवाच्य, कर्मणि प्रयोग।

7. **चल-फिर सकती है:** सामासिक क्रिया, मुख्य क्रिया अंश–चल(ना) –फिर(ना), सहायक क्रिया अंश–'सकती है', सामर्थ्यसूचक वृत्ति, अन्य पुरुष, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।

8. **चलूँ:** अकर्मक क्रिया, मुख्य क्रिया अंश–'चल(ना)', सहायक क्रिया अंश–'ऊँ', संभावनार्थक वृत्ति, उत्तम पुरुष, एकवचन, उभयलिंगी, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।

9. **दिखाई थी:** प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया, मुख्य क्रिया अंश–'दिखा(ना)', सहायक क्रिया अंश–'ई थी', स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्तृवाच्य, कर्मणि प्रयोग।

10. **करवा रही है:** द्‌वितीय प्रेरणार्थक क्रिया, मुख्य क्रिया अंश–'करवा(ना)', सहायक क्रिया अंश–'रही है', वर्तमान काल, सातत्यबोधक पक्ष, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्तृवाच्य, कर्मणि प्रयोग।

**10.** 1. **धीरे-धीरे:** क्रियाविशेषण (यौगिक) अव्यय, रीतिवाचक, 'चलना' क्रिया के घटित होने की रीति संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।

2. **दौड़कर:** प्रकार्यात्मक क्रियाविशेषण, रीतिवाचक, 'आना' क्रिया के घटित होने की रीतिगत विशेषता बताने का प्रकार्य।

3. **कहाँ:** स्थानवाची क्रियाविशेषण, 'रहना' क्रिया के स्थान की सूचना देने का प्रकार्य।
4. **दो घंटे (तक):** कालवाची क्रियाविशेषण, 'इंतज़ार करना' क्रिया की समय संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।
5. **ज़्यादा:** परिमाणवाची क्रियाविशेषण, 'सोचना' क्रिया की मात्रा संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।
6. **पैदल:** रीतिवाची क्रियाविशेषण, 'जाना' क्रिया की रीति संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।
7. **दर्शन करने:** प्रकार्यात्मक रीतिवाचक क्रियाविशेषण (यौगिक), 'जाना' क्रिया की रीतिगत विशेषता बताने का प्रकार्य।
8. **मंदिर (में):** स्थानवाची क्रियाविशेषण (प्रकार्यात्मक), 'होना' क्रिया की स्थान संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।
9. **अचानक:** रीतिवाची मूल क्रियाविशेषण, 'आ गई' क्रिया की रीति संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।
10. **थोड़ा (ही):** परिमाणवाची क्रियाविशेषण, 'चल पाना' क्रिया की परिमाण या मात्रा संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।

**11.** 1. **के बाहर:** संबंधबोधक अव्यय, 'मंदिर' तथा 'भीड़' संज्ञा पदों के मध्य संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।
2. **से पहले:** संबंधबोधक अव्यय, 'आप' तथा 'मैं' सर्वनाम पदों के बीच संबंध बताने का प्रकार्य।
3. **का:** संबंधबोधक अव्यय, 'अर्णव' तथा 'भाई' संज्ञा पदों के बीच संबंध बताने का प्रकार्य।
4. **के अलावा:** संबंधबोधक अव्यय, 'तुम' (तुम्हारे) तथा 'वह' (उसे) सर्वनाम पदों में संबंध बताने का प्रकार्य।
5. **के पार:** संबंधबोधक अव्यय, 'नदी' तथा 'जंगल' संज्ञा पदों को जोड़ने का प्रकार्य।

**12.** 1. **और:** समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, 'सीता' तथा 'गीता' संज्ञा पदों को जोड़ने का प्रकार्य।
2. **या:** समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, दो समानाधिकृत उपवाक्यों के बीच विकल्प दिखाने का प्रकार्य।
3. **मगर:** समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, दो समानाधिकृत उपवाक्यों

के बीच विरोध प्रदर्शित करने का प्रकार्य।

4. **इसलिए :** समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, दो समानाधिकृत उपवाक्यों के बीच कार्य–कारण का संबंध बताने के प्रकार्य।
5. **'यदि....तो' :** व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, संकेतबोधन का प्रकार्य।
6. **मानो :** व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, संभावना व्यक्त करने का प्रकार्य।
7. **ताकि :** व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, उद्देश्यबोधन का प्रकार्य।

**13.** 1. **अरे! :** विस्मयादिबोधक अव्यय, आश्चर्य का भाव प्रकट करने का प्रकार्य।

2. **वाह! :** विस्मयादिबोधक अव्यय, प्रसन्नता का भाव प्रकट करने का प्रकार्य।
3. **हाय! :** विस्मयादिबोधक अव्यय, कष्ट या पीड़ा का भाव प्रकट करने का प्रकार्य।
4. **छि:! :** विस्मयादिबोधक अव्यय, घृणा का भाव प्रकट करने का प्रकार्य।
5. **शाबाश! :** विस्मयादिबोधक अव्यय, प्रशंसा का भाव व्यक्त करने का प्रकार्य।

**14.** 1. **भी :** निपात, 'मुझको' सर्वनाम पद पर बल देने का प्रकार्य।

2. **भी :** निपात, 'मिठाई' संज्ञा पद पर बल देने का प्रकार्य।
3. **ही :** निपात, 'पुलिस' संज्ञा पद पर बल देने का प्रकार्य।
4. **तो :** निपात, 'नौकरी' संज्ञा पद पर बल देने का प्रकार्य।
5. **भर :** निपात, 'मिलना' क्रिया पर बल देने का प्रकार्य।

**15.** 1. (क) **गीता :** व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक में, 'रहना' क्रिया के लौकिक तथा व्याकरणिक दोनों कर्ताओं का प्रकार्य।

(ख) **वहाँ :** स्थानवाची क्रियाविशेषण (मूल), 'रहना' क्रिया के स्थान की सूचना देने का प्रकार्य।

(ग) **चौथे :** निश्चित संख्यावाचक विशेषण, पुल्लिग, एकवचन, 'घर' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।

(घ) **घर :** प्रकार्यात्मक स्थानवाची क्रियाविशेषण, 'रहना' क्रिया की स्थानगत विशेषता बताने का प्रकार्य।

2. **यह :** सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिग, एकवचन, 'घर' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
3. **खेल रहे थे :** सकर्मक क्रिया, भूत काल, सातत्यबोधक पक्ष, कर्तृवाच्य,

कर्तरि प्रयोग।

4. (क) **दौड़कर :** रीतिवाचक प्रकार्यात्मक क्रियाविशेषण (कृदंत रूप), 'जाना' क्रिया की रीति संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।

(ख) **कुछ :** अनिश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिग, एकवचन, कर्म कारक में, 'ले आना' क्रिया के प्रत्यक्ष कर्म का प्रकार्य।

5. (क) **दसवीं :** निश्चित संख्यावाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन (विशेष्य के अनुसार), 'कक्षा' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।

(ख) **कक्षा :** जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, अधिकरण कारक में, 'पढ़ना' क्रिया की आधारगत विशेषता बताने का प्रकार्य।

6. (क) **वहाँ :** स्थानवाची क्रियाविशेषण (मूल), 'होना' क्रिया की स्थान संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।

(ख) **कोई :** संख्यावाचक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन (विशेष्य के आधार पर), 'आदमी' विशेष्य की अनिश्चित संख्या बताने का प्रकार्य।

(ग) **आदमी :** जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।

7. (क) **कल :** कालवाची क्रियाविशेषण, 'आ सका' क्रिया की समय संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।

(ख) **आ सका :** अकर्मक क्रिया, बाध्यतासूचक वृत्ति, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।

8. (क) **आपकी :** सार्वनामिक प्रविशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'छोटी' विशेषण की विशेषता बताने का प्रकार्य।

(ख) **छोटी :** गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'बहन' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।

9. (क) **घी :** नामिक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, 'मिठाई' संज्ञा पद की विशेषता बताने का प्रकार्य।

(ख) **की :** संबंधबोधक अव्यय, 'घी' तथा मिठाई संज्ञाओं के बीच संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।

10. (क) **उसकी :** सार्वनामिक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'ईमानदारी' संज्ञा पद की विशेषता बताने का प्रकार्य।

(ख) **ईमानदारी :** भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक में।

11. **वे :** पुरुषवाचक सर्वनाम (अन्य पुरुष), बहुवचन, पुल्लिंग, 'गए' क्रिया के भौतिक कर्ता का प्रकार्य।
12. **कोई :** संख्यावाचक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, 'व्यक्ति' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
13. **परंतु :** समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, दो समानाधिकृत उपवाक्यों के बीच कार्य एवं कारण का संबंध प्रदर्शित करने का प्रकार्य।
14. **वहाँ :** स्थानवाचक क्रियाविशेषण, 'खेलना' क्रिया की स्थान संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।
15. **वे :** सार्वजनिक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, 'लोग' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य
16. **नहा रहे हैं :** अकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, बहुवचन, वर्तमान काला, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग
17. **शाबाश :** हर्षसूचक विस्मयादिबोधक अव्यय, एकवचन, पुल्लिंग, प्रशंसा के भाव को व्यक्त करने का प्रकार्य।
18. **मैं :** पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक में, 'करना' क्रिया के लौकिक कर्ता का प्रकार्य।
19. **कोई :** अनिश्चयवाचक सर्वनाम (अन्य पुरुष), पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक, 'मिलता' क्रिया का कर्ता।
20. **सुरेश :** व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, संबंध कारक में।
21. **हम :** पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक, 'गए' क्रिया के लौकिक कर्ता का प्रकार्य।
22. **छात्र :** जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक, 'खेलना' क्रिया के लौकिक कर्ता का प्रकार्य।
23. (क) **बालगोबिन भगत :** व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

    (ख) **उस :** सार्वजानिक विशेषण, एकवचन, 'दिन' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।

    (ग) **जब :** व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, दो उपवाक्यों के बीच

'हेतु बोधक' का कार्य।

(घ) **मरा :** अकर्मक क्रिया, सामान्य भूतकाल, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।

24. (क) **सुंदर :** गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'गृहिणी' विशेष्य का गुण बताने का प्रकार्य।

(ख) **मुझे :** पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन।

(ग) **लेकिन :** समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, दो समानाधिकृत उपवाक्यों के बीच कार्य एवं कारण का संबंध प्रदर्शित करने का प्रकार्य।

26. (क) **कब्रिस्तान :** जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, 'भूमि' पद के साथ संबंध कारक में।

(ख) **छोटे-मोटे :** गुणवाचक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, 'तनाव' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।

(ग) **होते हैं :** अकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, कर्तृवाचक, कर्तरि प्रयोग।

(घ) **पंचायत :** जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक में।

27. (क) **सुरेश :** व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, संबोधन कारक में, संबोधित संज्ञा का प्रकार्य।

(ख) **मैं :** पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन

(ग) **घर की :** जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, 'घर' तथा 'व्यवस्था' के बीच संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।

(घ) **रुक जाएगी :** संयुक्त (सकर्मक) क्रिया, स्त्रीलिंग, एकवचन

28. (क) **मनुष्य :** जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

(ख) **वह :** पुरुषवाचक सर्वनाम, अन्य पुरुष, एकवचन, पुल्लिंग, 'चाहता है' क्रिया का कर्ता।

(ग) **सूक्ष्म :** गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, बहुवचन, 'इच्छाओं' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।

(घ) **चाहता है :** सकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य, कर्तरि प्रयोग।

29. (क) **सुभाष पालेकर :** व्यक्तिवचाक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(ख) **प्राकृतिक :** गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, 'खेती' विशेष्य के गुण बताने का प्रकार्य।

(ग) **जानकारी :** भाववाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग

(घ) **दी है :** सकर्मक क्रिया, एकवचन, भूतकाल, कर्तृवाच्य

30. (क) **आजकल :** मूल क्रियाविशेषण, कालवाचक, 'बढ़ना' क्रिया के घटित होने के समय संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।

(ख) **देश :** जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक में 'बढ़ रहा है' क्रिया के लौकिक तथा व्याकरणिक दोनों कर्ता का प्रकार्य।

(ग) **मार्ग पर :** प्रकार्यात्मक क्रियाविशेषण, स्थानवाचक, 'बढ़ना' क्रिया के घटित होने के स्थान संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।

(घ) **बढ़ रहा है :** अकर्मक क्रिया, मुख्य क्रिया– बढ़ (ना), सहायक क्रिया अंश–रहा है, वर्तमान काल, सातत्यबोधक पक्ष, पुल्लिंग, एकवचन, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।

31. (क) **गाँव की :** प्रकार्यात्मक विशेषण, नामिक, पुल्लिग, एकवचन, 'मिट्टी' विशेष्य का गुण बताने का प्रकार्य।

(ख) **मिट्टी :** द्रव्यवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग

(ग) **मैं :** पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिग, एकवचन, कर्ता कारक में 'तरस गया' क्रिया के लौकिक कर्ता का प्रकार्य।

(घ) **तरस गया :** मिश्र क्रिया, भूत काल, पुल्लिग, एकवचन, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।